हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 15 मई 2025

तापमान
अधिकतम 42.3 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 गाड़ी के शीशे तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम ...



12 पोस्टर से दिया 'जल ही जीवन है ' का संदेश



## शहर में आज

- भाजपा द्वारा रोहतक लोकसभा तिरंगा यात्रा का आयोजन सुबह 8.30 बजे होगा। इसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा होंगे
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- बिजली निगम में खुला दरबार सुबह 11 से एक बजे तक।

## बिजली कट

- सुबह नौ बजे से साढे 11 बजे तक
अस्थल बोहर, गढ़ी बोहर, मस्तनाथ नगर, सेक्टर 4
- सुबह नौ से साढ़े 12 तक
खोखराकोट, राजीव विहार, जींद चौक, अनंतपुरम, बालकनाथ कॉलोनी, कबीर कॉलोनी, गोहाना रोड, शिव कॉलोनी, फौजी कॉलोनी, सुंदरपुर रोड

## खबर संक्षेप

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमलिब एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### मदविः प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 से 20 मई तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमबीए तीसरे सेमेस्टर तथा यूजी पांचवें सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 मई से 20 मई तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्रैक्टिकल नंबरों को ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 22 मई तथा कंडक्ट ब्रांच में हार्ड कॉपी भेजने की अंतिम तिथि 27 मई होगी। प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

### 19 को परिवेदना समिति की बैठक

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में 19 मई को सुबह 11 बजे स्थानीय जिला विकास भवन के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के एजेंडे में 13 शिकायतें शामिल है। विकास एवं पंचायत मंत्री बैठक के एजेंडे में शामिल शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके निपटारे बारे आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें।
-परीक्षाएं 23 मई से

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की परिक्षाएं 23 से

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओटीआईएमएल पाठ्यक्रमों की रेगुलर, री-अपीयर व वार्षिक परीक्षाएं 23 मई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त परीक्षाओं की डेटशीट विवि वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### निजी कंपनियों ने भी दूध का रेट बढ़ाया

**रोहतक।** कई निजी कंपनियों ने दूध के रेट में दो रुपये की वृद्धि की है। इसके साथ ही डेयरी संचालकों ने भी पांच रुपए प्रति लीटर दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। डेयरी एसोसिएशन के प्रधान राजकमल (राजू) सहगल ने बताया कि कल से भैंस के दूध की कीमत प्रति लीटर में 5 रुपए का इजाफा किया गया है। खल बिनौला के रेट बढ़ने से कदम उठाया है।

माजरा में दिल दहला देने वाला हादसा ▶▶ बेटा ढक्कन हटाते समय सीवर में गिरा, बचाने उतरे पिता-भाई ने भी जान गंवाई

# समय पर सीवर की सफाई होती तो नहीं जाती एक घर के तीन लोगों की जान

**पूरे गांव के सीवर बंद, कई बार पार्षदों को दे चुके शिकायतें**

- तीनों को सीवर मेनहाल से बाहर निकाल कर पीजीआई भेजा जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अस्थल बोहर स्थित गांव माजरा में बुधवार को दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। छोटी सी लापरवाही की वजह से एक परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सीवर ब्लॉक होने पर पहले बेटा मेनहोल का ढक्कन हटाने लगा तो वह उसमें गिर गया। इसके बाद उसका पिता और फिर एक और बेटा मेनहोल में जा गिरे। माना जा रहा है कि जहरीली गैस की वजह से तीनों सीवर में गिरे हैं। हादसे के बाद पूरे गांव मातम छा गया। पुलिस और दमकल कर्मचारियों ने बड़ी मुश्किल से तीनों को सीवर मेनहाल से बाहर निकाल कर पीजीआई भेजा जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान गांव माजरा निवासी महाबीर सिंह और उनके 2 बेटे दीपक और लक्ष्मण के रूप में हुई है। घटना से ग्रामीण और परिजन गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों में घटना से गुस्सा भी देखने को मिला। उनका कहना है कि सीवर काफी दिनों से बंद हैं और पार्षदों और कर्मचारियों को कई बार शिकायतें की गई जिसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई। अगर समय पर सीवर खुल जाते तो तीन जान नहीं जाती। अब इन मौत के लिए किसे जिम्मेदार ठहराएं। वहीं पुलिस का कहना है कि परिवार शिकायत देगा तो कार्रवाई की जाएगी।



रोहतक। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस के अधिकारी।



मौत पर विलाप करते परिजन। फोटो : हरिभूमि

### अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली

गांव माजरा में जो घटना हुई, वह दुखद घटना है। घर का सीवरेज साफ करने के लिए उतरे 3 पिता-पुत्रों की मौत हुई है। तीनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए हैं। अभी तक परिवार की तरफ से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। परिवार की तरफ से जो भी शिकायत मिलेगी, उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।
-रवि खुंडिया, डीएसपी







फाइल फोटो



अंतिम संस्कार

### ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर सीवर में उतरे फायर कर्मी

फायर ब्रिगेड की टीम ने बताया कि उन्हें आज सुबह करीब साढ़े 7 बजे सूचना मिली थी कि माजरा गांव में 3 लोग सीवर में गिर गए हैं। वहीं, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 लोग गैस चढ़ने के कारण बाहर नहीं निकल पाए हैं, इसलिए फायर ब्रिगेड कर्मियों को भी सीवर में ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर उतारा गया।

### संभलने का मौका नहीं मिला

घटना इतनी तेजी से हुई कि किसी को सम्भलने का मौका तक नहीं मिला, न ही मौके पर किसी तरह की मदद मिली। घटना घर के बाहर गली में सीवर का ढक्कन हटाते समय हुई। महिला संतोष देवी ने बताया कि घर की नाली कई दिनों से बंद पड़ी थी। जिसके कारण घर में पानी की निकासी को लेकर बहुत परेशानी हो रही थी। इसलिए मेरा बेटा लक्ष्मण सीवर का ढक्कन खोलने के लिए चला गया। ढक्कन खोलते ही वह गैस के संपर्क में आया और बेहोशी की हालत में सीवर में गिर गया। गिरते ही उसके पिता उसे बचाने के लिए भागे और वे भी सीवर में जा गिरे। इसके बाद पिता और भाई को बचाने के लिए दीपक भी सीवर में उतर गया। वह उन दोनों को नहीं बचा सका और खुद भी सीवर में ही दम तोड़ दिया। तीसरा बेटा भी पिता और भाई को बचाने के लिए दौड़ा लेकिन मां ने उसे रोक लिया। जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गांव में पसरा मातम

महाबीर की पत्नी संतोष ने बताया कि उनके पति महाबीर फौज से रिटायर थे। वहीं, लक्ष्मण बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर काम करता था, जबकि दीपक एक निजी कंपनी में काम करता था। उनका बड़ा बेटा राजकुमार भी नौकरी पेशा है। उन्होंने बताया कि उनकी 4 लड़कियां और 3 लड़के थे। उन्होंने चारों लड़कियों की शादी कर दी है। वे अपने ससुराल में हैं। जबकि, बेटों में अभी केवल राजकुमार की शादी हुई थी। दीपक और लक्ष्मण अभी अविवाहित थे। इस दुखद घटना से परिवार सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। रोहतक में इससे पहले भी सीवर मेनहोल में उतरने पर दस से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

### जहरीली गैस ने ली जान

सीवर के ढक्कन को केवल नगर निगम या पब्लिक हेल्थ के कर्मचारी ही खोलते हैं। उन्हें इसके लिए ट्रेनिंग दी जाती है। आमजन का सीवर ढक्कन खोलना जानलेवा बन जाता है। उसे गैस से बचाव की जानकारी नहीं होती। इसलिए खुद ढक्कन कभी न खोले और विभाग को सूचना दें। सीवर से कई तरह की खतरनाक गैस निकलती हैं। इनमें मीथेन, हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन डाईआक्साइड, अमोनिया और नाइट्रोजन आक्साइड शामिल हैं। सीवर गैसों का यह मिश्रण घरेलू और फैक्ट्रियों से निकलने वाले कचरे के सड़ने से बनता है। इनमें से हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी गैसे विषैली होती हैं।

### कई बार शिकायत

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सीवर काफी दिनों से जाम पड़े हैं। उनकी सफाई करने के लिए कोई भी कर्मचारी नहीं आता। इस बारे में कई बार पार्षद से शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने कहा कि सीवर बुरी तरह जाम हैं, जिनके अंदर ईंट और पत्थर भी पड़े हैं। ऐसे में लोगों के घर की नाली अक्सर रुकी रहती हैं। नाली रुकने पर सीवर का ढक्कन हटाने के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत सीवर में गिरने के कारण हुई है।

### क्रिकेट टीम का चयन 19 और 20 को

**रोहतक।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बाल कृष्ण आहुजा ने बताया कि अंडर-19 व 16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रोहतक की टीम का चयन चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। 19 मई को लड़कियों और 20 को लड़कों की टीम सिलेक्ट की जाएगी। अंडर 19 वर्ग (लड़के) की टीम के लिए खिलाड़ी का जन्म एक जनवरी 2006 के बाद का होना चाहिए। इसी प्रकार अंडर 16 वर्ग (लड़के) की टीम के लिए खिलाडी का जन्म 1 सितंबर 2009 व 31 अगस्त 2011 के बीच का हो। ट्रायल में भाग लेने के लिए वे खिलाड़ी योग्य होंगे, जो जिला रोहतक के स्थायी निवासी हों। जिनका जन्म स्थान रोहतक हो या पिछले 2 साल से रोहतक में पढ़ाई कर रहे हों, ये ट्रायल में शामिल हो सकते हैं। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ी को अपने मूल जन्म प्रमाण पत्र, व उनकी एक-एक प्रति साथ लानी है।



### पटना में खेली जा रही खेलो इंडिया प्रतियोगिता में बॉक्सिंग में जीते तीन गोल्ड

**रोहतक।** पटना में खेली जा रही खेलो इंडिया प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गई। इसमें आर्यन बॉक्सिंग स्पोर्टस क्लब सुनारिया के तीन मुक्केबाजों ने भाग लिया। और इन तीनों ने ही स्वर्ण पदक जीते। शुभम ने 60,राहुल कुंडू ने 75 और लोकेश ने 80 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया।

### 30 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 30 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। मैनेजमेंट से जयदीप, अंकित कुमार, मानसी मक्कड़, रिंकी, मंजू देवी व सुनीता यादव, कॉमर्स से नीलम, फार्मेसी से प्रेरणा कौशिक, मंजू बाला व अंजलि, सांख्यिकी से कुलदीप, गणित से प्रवीन व रेणु, मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी से रवीना, बायोकेमिस्ट्री से तरुण कुमार, पिंकी शर्मा व जतिन कुमार फोगाट, बायोटेक्नोलोजी से प्रीति, लाइब्रेरी साइंस से नीरज, राजनीति विज्ञान से नवीन, लोक प्रशासन से संदीप, संस्कृत से कुलदीप व पंकज देवी, दृश्य कला से मीनाक्षी व धर्मवीर सिंह, फार्मास्यूटिकल्स, लॉ से मनपाल रामावत, रजनी, आशीष शर्मा, मंगल सिंह व प्रदीप कुमार।

गांव नसीरपुर बाईपास पर वारदात

## बाइक सवार 5 बदमाशों ने एक युवक का रास्ता रोककर दो लाख रुपये लूटे

- पुलिस ने घायल की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाइक सवार 5 बदमाशों ने एक युवक का रास्ता रोककर मारपीट की और दो लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी और घायल की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। गांव बांस बादशाहपुर जिला हिसार निवासी युवक अक्षय अपने चाचा सतीश के पास नेहरु कॉलोनी आया हुआ था। यहां से वह चाचा के लड़के अनुज के साथ गांव टिटोली में भाईचारे में अजीत को दिए गए रुपये लेने गया था। अजीत से दो लाख रुपये लेकर जब वह अनुज के साथ टिटोली से रोहतक आ रहा था तो रास्ते में बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। अक्षय ने बताया कि गांव टिटोली में जब अजीत से रुपये लिए तो वह चाचा के लड़के अनुज के मामा के घर चले गए। वहां एक घंटा रुकने के बाद वह रोहतक के लिए निकले थे। जब वह गांव नसीरपुर बाइपास पर पहुंचे तो पीछे से दो बाइकों पर 5 लोग आए, जिनके हाथों में डंडे थे और चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ था। अक्षय ने बताया कि बदमाशों ने उनकी बाइक के आगे बाइक अड़ा दी। इसके बाद उनकी बाइक की चाबी निकालकर दूर फेंक दी। तभी दूसरी बाइक से उतरे बदमाशों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब वह बाइक छोड़कर भागने लगे तो आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी 2 लाख रुपये छीनकर मौके से फरार हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### की जा रही जांच

युवक के साथ लूट और मारपीट की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल अक्षय की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
-जितेंद्र, एएसआई, सदर थाना

कार्यक्रम | 21 मई को रोहतक में होगा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

## 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया जाएगा सम्मानित

**सीएम नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- हरियाणा के कुल 689 खिलाड़ियों और लगभग 200 स्पोर्ट स्टाफ ने भाग लिया था

हरियाणा खेल विभाग द्वारा 21 मई को रोहतक में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। इन खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने पदक जीतने के साथ-साथ देश और प्रदेश का दिल भी जीता है। उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित हुए राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 153 पदक जीते, जिसमें 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में हरियाणा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन खेलों में हरियाणा के कुल 689 खिलाड़ियों और लगभग 200 स्पोर्ट स्टाफ ने भाग लिया था। खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन गेम्स व कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतकर विश्व भर में अपनी प्रतिभा का डंका बजा रहे हैं। खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में हरियाणा की खेल नीति का भी अहम योगदान है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2025-26 के लिए खेल विभाग का 1961.79 करोड़ रुपये बजट आवंटित किया है। जबकि पिछले साल खेलों का बजट 1381.79 करोड़ रुपये था। बजट में खेल के मैदानों, खेल सामग्री को बढ़ावा देने व बीमा योजना को लागू करने का पूरा ख्याल रखा गया है। इसी तरह से युवाओं के कौशल को और निखारने पर भी बल दिया गया है।




### पांच विश्वविद्यालयों में खोले जाएंगे उत्कृष्टता केंद्र

प्रदेश में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रेवाड़ी में नए उत्कृष्टता केंद्र खोले जाएंगे। राज्य खेल परिसरों के बेहतर संचालन व रख-रखाव के लिए पायलट आधार पर दो खेल परिसरों को पीपीपी मोड पर चलाने के लिए दिया जाएगा। अगर इस प्रयोग के नतीजे अच्छे आते हैं तो कुछ अन्य परिसरों को भी इसी नीति से चलाने के लिए चिन्हित किया जाएगा। प्रदेश में खेल नर्सरियों की संख्या 1500 से बढ़ाकर 2000 किए जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी तैयार किया जा सकें।

### एमडीयू में मोयोस-आइसक्रीम एवं फ्रोजन डेजर्ट स्टार्ट-अप का वीसी ने किया उद्घाटन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फ़ॉर इनोवेशन, इन्क्यूबशन एंडएंटर प्रेन्योरशिप में विकसित आइसक्रीम एवं फ्रोजन डेजर्ट स्टार्ट-अप मोयोस का शुभारम्भ बुधवार को कुलपति प्रो.राजबीरसिंह ने किया। कुलपति प्रो.राजबीरसिंह ने नवोदित उद्यमीयों के साथ सफलता के सूत्र साझा करते हुए कहा कि लंबी दूरी तक चलने के लिए के लिये धैर्य आवश्यक है, पर एक सच्चे पैशनप्रेन्योर को स्पीड, स्केल व एक्सीलेंस पर भी बराबर ध्यान देना चाहिए। सतत उत्पाद विकास तथा ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार पूरी करना ही आज के प्रतिस्पर्धी वैश्विक बाजार में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड के नतीजे घोषित होने पर कुलपति ने घोषणा की कि हमारे स्टार्टअप दफेटेरिया और मोयोस उन छात्रों को मुफ्त पार्टी, उपहार देंगे जिन्होंने अपने बोर्ड के नतीजों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वे 24 मई 2025 तक काउंटर पर अपने रिजल्ट की कॉपी दिखाकर इस उपहार का लाभ उठा सकते हैं।








हरिभूमि द्वारा आयोजित इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## हरिभूमि की प्रतियोगिता में 40 स्कूलों के 485 विद्यार्थियों ने की भागीदारी

# पोस्टर से दिया 'जल ही जीवन है' का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरिभूमि द्वारा बुधवार को आयोजित इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शहर के 40 स्कूलों के 485 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता पुरानी आईटीआई के ढींगरा कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित की गई, जिसकी थीम जल बचाएं - जीवन बचाएं था। प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लिए तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसमें मुख्यातिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. संजय कुमार, प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ विजुअल आर्ट्स, एमडीयू व धर्म सिंह अहलावत, पूर्व अध्यापक (आर्ट एंड क्राफ्ट) रहे। कांता रानी ने स्टेज कोऑडिनेटर की भूमिका निभाई। मुख्यातिथि राजेश जैन ने कहा कि जल संरक्षण आज के समय में एक महत्वपूर्ण और प्रासंगिक विषय है। जल हमारे जीवन का आधार है और इसके बिना किसी भी जीवत प्राणी का आस्तित्व संभव नहीं है। हम में से प्रत्येक का दायित्व बनता है कि जल की बर्बादी को रोके और उसका उचित उपयोग करे। अगर इंसान जल को इसी तरह से बर्बाद करता रहा तो आने वाले समय में हमें इसकी भारी किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। बावजूद इसके हम देखते हैं कि पृथ्वी पर उपलब्धतता के अनुपात में जल का एक छोटा सा हिस्सा ही पेयजल के रूप में उपयोग के योग्य है। प्रतियोगिता के विजेता रहे विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटो एवं एक प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के टाइल स्पॉन्सर एल.पी.एस. बोसार्ड प्राईवेट लिमिटेड, को-स्पान्सर जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, पठानिया पब्लिक स्कूल, आईबी स्कूल (स्मार्ट स्टार्ट), सेक्टर-3, द आर्यन ग्लोबल स्कूल, झज्जर रोड,रहे। कार्यक्रम के अंत में हरिभूमि के अधिकारियों ने राजेश जैन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

■ प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लिए तीन विद्यार्थियों का किया गया चयन


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन को मोमेंटो देते हरिभूमि के समाचार संपादक शंभू भद्र, रिकवरी मैनेजर प्रवीण सिंधू, इवेंट मैनेजर ओमबीर हुड्डा और सर्कुलेशन मैनेजर राजीव शर्मा।


मुख्य अतिथि राजेश जैन निर्णायक मंडल के सदस्य धर्म सिंह अहलावत, पूर्व अध्यापक आर्ट एंड क्राफ्ट और डॉ. संजय कुमार एचओडी, डिपार्टमेंट ऑफ वर्चुअल आर्टस एमडीयू, रोहतक को मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए।


हरिभूमि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के को स्पोंसर जी डी गोयंका स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना को मोमेंटों देते हुए मुख्य अतिथि राजेश जैन।


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के को स्पोंसर आईबी स्मार्ट स्टार्ट के डायरेक्टर रमेश नरवाल को सम्मानित करते हुए हरिभूमि के प्रतिनिधि हेमंत कुमार।


एलपीएस बोसार्ड के एमडी और प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजेश जैन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के को स्पोंसर पठानिया पब्लिक स्कूल की प्रतिनिधि मंजू दलाल को मोमेंटों देते हुए मुख्य अतिथि राजेश जैन।


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के को स्पोंसर आर्यन ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल आर के खन्ना को सम्मानित करते हुए राजेश जैन।


हरिभूमि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल बच्चों की कला का अवलोकन करते हुए।


मुख्य अतिथि राजेश जैन कांता रानी, स्टेट कोर्डिनेटर को सम्मानित करते हुए।



प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।




प्रतियोगिता में सम्मानित हुए बच्चों के साथ मुख्य अतिथि व अन्य।

### इन विद्यार्थियों ने पाई सफलता

*प्रतियोगिता में छठी कक्षा जॉन वेस्ले कांवेंट स्कूल से दीक्षांत ने प्रथम, सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की एंजल द्वितीय, दि मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 7वीं कक्षा एसबी मॉडल स्कूल की यशिका ने प्रथम, नवयुग हाई स्कूल की छात्रा महक ने द्वितीय और जॉन वेस्ले कांवेंट स्कूल की सान्वि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं गुरुकुल विश्व भारती, लाढौत से वेदांश ने प्रथम, पठानिया पब्लिक स्कूल से देव ने द्वितीय, जेकेएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल, कलानौर से चारू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं पठानिया पब्लिक स्कूल से अन्नया ने प्रथम, महेन्द्रा मॉडल स्कूल से निधि ने द्वितीय व आदित्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं श्रीबाबा मस्तनाथ सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल से हर्षिता ने प्रथम, गर्वनमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बिन्कू ने द्वितीय और एमडीएन पब्लिक स्कूल से रेहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल से मयंक ने प्रथम, दि आर्यन ग्लोबल स्कूल से तेजस्वी ने द्वितीय और महेन्द्रा मॉडल स्कूल से उदिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं गर्वनमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल से शालू प्रथम, स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल से भावना ने द्वितीय और दि आर्यन ग्लोबल स्कूल से पावनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।*

### विद्यार्थियों को किया सम्मानित







प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।